## खबर संक्षेप

### इंद्रावती महाआरती प्रशासन की सकारात्मक पहल : ताटी

भोपालपटनम। बीजापुर जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की पहल पर उनके मार्गदर्शन में पहली बार इन्द्रावती महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। रथयात्रा के पुनीत अवसर पर 7 जुलाई को शाम 4 बजे से भोपालपटनम के तिमेड़-घाट पर आयोजित इस महाआरती कार्यक्रम को क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य बसंत ताटी ने नदियों और पर्यावरण-संरक्षण के प्रति लोकचेतना का पर्व कहा है। ताटी के अनुसार इन्द्रावती बस्तर संभाग की प्रमुख नदी है,इसलिये यह इस क्षेत्र की जीवन-रेखा भी है। इन्द्रावती नाम के कारण इसे स्वर्ग की नदी मंदाकिनी भी माना जाता है। ओडिशा के कोरापुट जिले से निकलकर भोपालपटनम के भद्रकाली संगम में विलीन होने वाली यह नदी बस्तर के लिये मां समान है। बसंत ताटी ने महाआरती आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वच्छता के जरिये नदियों का संरक्षण ही उनकी सच्ची पूजा-अर्चना है।

### आश्रम का आदिवासी आयुक्त ने किया निरीक्षण



दंतेवाड़ा। उपायुक्त आदिवासी विकास केएस. मसराम द्वारा जिले के विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम मेटापाल आश्रम एवं छात्रावासों का आज निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रम छात्रावास में निवासरत छात्र-छात्राओं से मिलकर उनके मांग एवं परेशानियों को सुना। उपायुक्त ने आश्रम के समस्त अधीक्षकों को छात्र-छात्राओं को अच्छी गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार के साथ-साथ उपयोग की जा रही खाद्य सामग्री, दवाइयों का उपयोग करने की तिथि की जांच करने के उपरांत ही उपयोग में लाये जाने हेतु निर्देशित किया।

### माड़पाल सोसायटी में खाद लेने पहुंचे किसान

# 916 किसानों में से 500 ने लिया पौने 4 करोड़ का ऋण





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगरनार क्षेत्र के माड़पाल लेम्पस में खाद लेने पहुंचे कुछ किसानों ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सोसायटी में नगद के साथ-साथ

■ लेम्पस में खाद, बीज मिलने से किसानों को राहत

खाद-बीज मिलने से किसानों को राहत मिली है। किसान मनू के पास डेढ़ एकड़ खेत है वह नगद राशि और खाद के लिए सोसायटी पहुंचा था। वहीं 5 एकड़ खेत का स्वामी श्याम सुंदर ने बताया कि 1 लाख नगद मिला है और 18 बोरी खाद सोसायटी से लिया हूं। जिसमें 8 बोरी डीएपी, 7 बोरी यूरिया और 3 बोरी पोटाश है। किसान तरूण यादव के पास आधा एकड़ जमीन है वह छोटा किसान है इसलिए 5 हजार नगद और 2 बोरा डीएपी खाद सोसायटी से मिला है। इन किसानों ने बताया कि बिना ब्याज के कर्ज मिलने से अब किसानों को परेशानी नहीं होती है, किसान अब संपन्न हो रहे हैं। लेम्पस प्रबंधक सूर्यनारायण सेठिया ने बताया कि सोसायटी में 916 किसान हैं उनमें से 500 किसानों ने लगभग पौने 4 करोड़ का ऋण लिया है। धान फसल के लिए नगद और वस्तु में लगभग 3 करोड़ रूपये का ऋण 441 किसानों ने लिया है। उद्यानिकी फसल के लिए 60 लाख का ऋण 44 किसानों ने, गौ पालन के लिए 10 लाख का ऋण 6 किसानों को, मछली पालन के लिए 2 किसानों ने 1 लाख का ऋण और स्वरोजगार के लिए 7 किसानों को साढ़े 3 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया है। अभी भी कई किसानों का ऋण प्रकरण का कागजात तैयार है जिसके पूरा होने पर उनके खाते में ऋण राशि पहुंच जाएगी।

**मांग के अनुसार खाद उपलब्ध**

लेम्पस प्रबंधक ने बताया कि सोसायटी में पंजीकृत किसान और उनके रकबा के आधार पर डिमांड भेजा जाता है। जिसके आधार पर खाद और बीज मिलता है। डीएपी, यूरिया, सुपरफास्फेट, इफको और पोटाश किसानों को दिया जा रहा है। डीएपी की मांग अधिक है इसलिए मांग की गई है।

### राजस्व पटवारी संघ मांगों को लेकर करेगा हड़ताल



बस्तर। बस्तर ब्लॉक के राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा पूर्व में पटवारी की विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर ज्ञापन व आंदोलन किया गया था। परंतु आज तक उक्त मांगों एवं समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया गया। जिसके कारण राजस्व पटवारी संघ द्वारा निर्णय लिया गया है। क्योंकि मांग शासन से संबंधित है, आवश्यक मांग समय पर निराकरण नहीं होने पर हतोत्साहित हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को ज्ञापन के माध्यम से 7 जुलाई तक उपरोक्त समस्या व मांग पूर्ण नहीं होने पर 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का निर्णय लिया गया। प्रांतीय दिशा निर्देश पर शुक्रवार को बस्तर एसडीएम व तहसीलदार बस्तर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया। इस दौरान भागचंद कश्यप, सूरज कश्यप, नीतीश देवांगन, रेणुरानी बघेल, पिंकी नाग, रेणुका नागेश, संजय तिवारी, जानकी बघेल समेत अन्य मौजूद रहे।

## कबाड़ हो चुकी है बारसूर की एकमात्र एटीएम




हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में खराब पड़ी एटीएम की कोई सुध नहीं ले रहा है। पिछले दो-तीन महीने से लगातार एटीएम का शटर बंद है। एटीएम खराब होने की वजह से एटीएम कार्ड धारकों को परेशानी हो रही है। एटीएम काम नहीं करने के कारण शुक्रवार साप्ताहिक बाजार के दिन ग्राहक सेवा केन्द्र में ग्रामीणों की लंबी कतारें देखने को मिली। फरवरी माह में इसी साल एटीएम कंडम हालत में होने की खबर प्रकाशित होने के बाद काम चलाऊ रिपेयर कर एटीएम को ठीक करने का दिखावा किया। लेकिन समस्या का स्थायी हल नहीं निकाला गया। एक तो एटीएम खराब है, ऊपर से पिछले कुछ दिनों से बारसूर एसबीआई बोधघाट शाखा की स्वाईप मशीन भी काम नहीं कर रही है। ऐसे में डेबिट कार्ड धारकों को कहीं से राहत नहीं मिल रही है। एटीएम में कई तरह की गड़बड़ी रही। टच स्क्रीन काम नहीं करता था। कार्ड भी एक्सेप्ट नहीं करता था। बार-बार कार्ड डालने की नौबत आती थी। मुश्किल से ट्रांजेक्शन सफल होता था तो फिर नोट फंस जाते थे। एसबीआई की एक मात्र एटीएम बारसूर में है, उसे भी ठीक से संचालित करने में संबंधित एजेंसी नाकाम रही है। सीआरपीएफ कर्मचारियों को एटीएम खराब होने से और भी ज्यादा दिक्कत हो रही है। इनके पास इतना समय तो होता नहीं है कि बैंक में लंबी लाइन में खड़े होकर पैसे आहरण करें। आम कर्मचारी भी मजबूरन 20 किलोमीटर दूर गीदम जाकर आहरण कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि बारसूर की एटीएम मशीन कबाड़ हो चुकी है। जब तक नई मशीन स्टाल नहीं किया जाता, आहरण में परेशानी होगी। बैंक की ओर से एटीएम सर्विस के नाम से कार्डधारकों से चार्ज लिया जाता है, लेकिन सुविधा मुहैय्या कराने में कोताही बरती जा रही है।

## छग नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत 129.25 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

बीजापुर। नक्सलियों के द्वारा हत्या किए जाने से आम नागरिकों के मृत्यु होने के फलस्वरूप जिला पुनर्वास समिति छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत नक्सली पीड़ित परिवारों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए स्वीकृत पुनरीक्षित कार्ययोजना में उल्लेखित प्रावधान का प्रयोग करते हुए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा कुल 129.25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसके अन्तर्गत 18 मृतकों के परिजनों एवं उनके निकटतम वारिसों को प्रत्येक को 5-5 लाख रुपए। इस तरह कुल 90 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह जिला पुनर्वास समिति छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत नक्सलियों के द्वारा आम नागरिकों के जीविकोपार्जन के साधन की क्षति पहुंचाये जाने के फलस्वरूप कार्ययोजना में उल्लेखित प्रावधान के तहत निजी वाहन मालिकों को एक को 4 लाख रुपए। इसी तरह दो वाहन मालिकों को 6-6 लाख रुपए कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि का भुगतान करने उनके बैंक खाता में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। आत्मसमर्पित 93 नक्सलियों को 23 लाख 25 हजार रुपए स्वीकृत जिला पुनर्वास समिति छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत नक्सली पीड़ित परिवारों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए स्वीकृत पुनरीक्षित कार्ययोजना में उल्लेखित प्रावधान का प्रयोग करते हुए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा कुल 93 आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रत्येक को 25-25 हजार रुपए कुल 23 लाख 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

## जिले के अधिकांश स्कूल, आश्रम, छात्रावासों में सुविधाएं नहीं : महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने सुकमा जिले के शैक्षणिक संस्थानों में अव्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम गत दिवस कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कुंजाम ने सुकमा जिले के अंतर्गत स्थित सभी आश्रम, पोटाकेबिन, छात्रावासों व स्कूलों में आवेदित सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश देने व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में अव्यवस्थाओं को त्वरित निराकरण करने की मांग की है। महेश कुंजाम ने कहा कि आदिवासी व अधिकांश सामान्य क्षेत्र में भी स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों में मूलभूत समस्याएं व्याप्त है। शिक्षा सत्र 2024-25 चालू हो गया है, अधिकांश स्कूल आश्रम, छात्रावासों में सुविधाएं ही नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते कहा कि राज्य के समस्त स्कूल, आश्रम, बस्तर संभाग में संचालित पोटाकेबिन आश्रमों, छात्रावासों में बिजली, पंखा, शुद्ध पेयजल, बाउंड्रीवॉल, शौचालय स्कूल में बालक-बालिकाओं का पृथक-पृथक शौचालय, पानी की व्यवस्था, जर्जर भवनों व शौचालय की मरम्मत की जाए। सुकमा जिले में कई जगह स्कूल भवन ही नहीं है। बच्चे झोपड़ियों में पढ़ने मजबूर हैं। यह मामला अखबारों में भी प्रकाश में आया है, ऐसी समस्याओं को त्वरित अवलोकन कर उचित कार्यवाही किया जाए। सुकमा जिले के छिन्दगढ़ ब्लॉक के कुकानार में प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास तथा पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास नहीं होने के कारण 15-20 किलोमीटर दूर से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानियां होती है।

इसलिए प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक कन्या व पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खोला जाए। तथा दोरनापाल में 100 सीटर कन्या छात्रावास खोला जाए। सुकमा जिले के उपयुक्त विषय में उल्लेख के संस्थानों में आवेदित सभी छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाए।






